# करौली में जगह-जगह धूमधाम के साथ गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया

करौली। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिले भर में गुरु पूजा महोत्सव की धूम रही जिले के सैंकड़ों छोटे-बड़े मंदिर, गुरु आश्रम, बगीची और अन्य स्थानों पर गुरु पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया।

करौली के गोमती आश्रम, चैनपुर बृह्मऋषि आश्रम,मोनी बाबा आश्रम, ध्रुवघटा,गायत्री मंदिर करौली, काछीपुरा आश्रम,निजी मैरिज हाल सहित कई प्रमुख मंदिर और गुरु आश्रमो में गुरु पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया प्रात: से ही मंदिरों और आश्रमों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। मंदिर और आश्रम में गुरु के जयकारों के साथ ही गुरु स्तुति व महिमा का वर्णन की गया। गुरु पूजा के बाद आश्रम और मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया।गुरु पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर कई दिनों पहले से शिष्य और श्रद्धालु तैयारियों में जुट गए। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर करौली के गोमती आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह का भी समापन हो गया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जबकि गोमती दास महाराज का गुरु पूर्णिमा महोत्सव गोमती आश्रम में आयोजित हुआ।



गुरु आश्रम, बगीची और अन्य स्थानों पर गुरु पूजा महोत्सव का आयोजन किया।

इसी प्रकार करौली के शिव अ'ोका में महंत हेमराज श्यारोली वाले, लव कुश पैराडाइज में संत मोनी बाबा,गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया। अयोध्या वाले प्रसिद्ध संत लक्ष्मण दास वेदांती महाराज का गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इसी प्रकार से सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमानजी को चोला चढ़ाया गया।इसी प्रकार डगर वाले हनुमान मंदिर पर ब्रह्मानंद गुरु का महोत्सव आयोजित हुआ। यहां गौरतलब है कि करौली में गुरु पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में धार्मिक आयोजन और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। करौली शहर में करीब 400 से अधिक छोटे बड़े मंदिर हैं।

मंदिरों की अधिक संख्या और बृज संस्कृति से ओत प्रोत होने के कारण ही करौली को लघु वृंदावन के नाम से भी जाना जाता है। लघु वृंदावन के नाम को चरितार्थ करते हुए करौली में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष में संत गोमती दास मेमोरियल संस्थान पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया।

संत गोमती दास महाराज के शिष्य आशुतोष तिवारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर गोमती कॉलोनी स्थित गोमती आश्रम पर संत के सभी शिष्यों ने गुरु पूजन कर मंगल कामनाएं मांगी एवं भंडारी में प्रसादी ग्रहण की। तिवारी ने बताया कि प्रात: 7:00 बजे संत गोमती दास महाराज की मूर्ति का पंचामृत से अभिषेक कर गंगाजल से स्नान करा कर संत की मूर्ति पर नवीन वस्त्र धारण कराए एवं सुगंधित मालाओं से एवं चंदन से संत के विग्रह का श्रृंगार किया। उसके बाद सभी शिष्य गणों ने मिलकर गुरु पूजन किया एवं महा आरती कर भंडारी में प्रसादी पाई। संत के पूजन के लिए लगातार दूर-दूर से उनके शिष्य गण गंगापुर, कोटा, रिया बड़ी, जयपुर, आगरा आदि स्थानो से शिष्य गण आए और पूजन कर प्रसादी ग्रहण की।

## अग्निपथ स्कीम के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन आज से

करौली (निंसं.) पत्र सूचना कार्यालय की रक्षा शाखा जोधपुर के विंग कमाण्डर अभिषेक कटोच ने बताया कि भारतीय वायुसेना मे अग्निपथ स्कीम के अन्तर्गत अग्निवीरवायु भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन 11 जुलाई से शुरू हो रहे है।

इच्छुक अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार भर्ती से सम्बधित सभी नियमों की विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है। उम्मीद्वार अग्निवीर की भर्ती के लिए 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक पर लॉग इन कर ऑनलाईन पर्जीकरण कर सकते है।

उन्होंने बताया कि 02 जुलाई 2005 से 02 जनवरी 2009 के बीच जन्मे अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीद्वार इस भर्ती के लिए पात्र होगें। 12 वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित और भौतिक विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय मे किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंको के साथ अग्रेंजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है या 03 वर्षीय इंजीनियरींग डिप्लोमा धारक या 02 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के पात्र है।

## सार-समाचार

### भाजपाईयों गुरु पूर्णिमा और जिलाध्यक्ष मनाया

**हिण्डौन सिटी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शहर मंडल, हिण्डौन ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव के नेतृत्व में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, करौली रोड स्थित संत गुरु छैया दास के आश्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। सुबह 9 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने गुरुजी को शॉल ओढ़ाकर, माननीय मुख्यमंत्री की ओर से सप्रेम भेंट 2100 रुपये, श्रीफल और मिठाई की टोकरी भेंट की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने संत छैया दास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।इसी दिन भाजपा जिलाध्यक्ष गोवर्धन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दो विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता (ढिंढोरा) ने बताया कि सुबह 10 बजे राजकीय चिकित्सालय में शहर मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी और पीएमओ पुष्पेंद्र गुप्ता के साथ कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल वितरित किए और जिलाध्यक्ष के दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की। इसके बाद सुबह 11 बजे बांके बिहारी गोशाला समिति, बायपास पर कार्यकर्ताओं ने गायों को हरा चारा खिलाकर जिलाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया।कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व विधायक श्रीमती राजकुमारी जाटव, नवनिर्वाचित जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र चौधरी, जिला प्रवक्ता डॉ. हेमलता, सुरोठ मंडल अध्यक्ष पिंटू सोलंकी, महिला जिला अध्यक्ष लज्जा रानी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अल्लानूर, शहर मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, मंडल महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता (ढिंढोरा), सम्पत कोली, कोषाध्यक्ष सोन्टू गोयल, उपाध्यक्ष गजेंद्र सोलंकी, सचिन, गौरव, अमित, मोहन लाल, चंद्र प्रकाश, श्रीलाल, रमन, रमेश्वर धाकड़, राजीव सहरिया, सुरेंद्र, बंटी जाटव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यकर्ताओं ने "जय भाजपा, विजय भाजपा" के नारों के साथ उत्साहपूर्वक कार्यक्रम को सम्पन्न किया।

### शिविर में दंपतियों ने लिया लाभ

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में गोपालगढ़ स्थित डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल कैम्पस में निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। डायरेक्टर डॉ. कुसुम शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस शिविर में आसपास के ग्रामीण एवं शहरी 28 मरीजों ने परामर्श लिया, इसमें 6 दम्पत्ति ऐसे भी थे जो पूर्व में इलाज से लाभान्वित हो चुके थे। शिविर में जिन भी दम्पत्ति को बच्चा होने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जिन महिलाओं को बच्चेदानी की रसोली, फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक, बच्चेदानी में टीबी, बार बार गर्भधारण होने के पश्चात भी गर्भपात होना, अधिक उम्र होने पर महीना न आना या फिर संतान न होना, एक बार संतान होने पर दोबारा गर्भ धारण न होना, दो या तीन बार आईयूआई कराने पर भी असफलता मिलना, अनियमित माहवारी या अण्डों का नहीं बनना एवं समय पर नहीं फूटना और पुरूषों में शुक्राणु में कमी होना आदि किसी भी समस्या के कारण माता पिता बनने के सुख से वंचित रह गये हैं उन्हें संतान उत्पत्ति के लिए सही मार्गदर्शन दिया गया। इस शिविर में जयपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर निशांत दीक्षित द्वारा निसंतान्ता एवं आईवीएफ के मरीजों के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर पर अजय शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, संजय तिवारी, सुरेश शर्मा, दीपक कुमार, मनीष, करतार, बोबी, सुमित, रवि, दिव्या, सुरभि, पुष्पलता, सीमा राजपूत आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस कमेटी की बैठक 11 को

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्षों तथा अग्रिम संगठनों के अध्यक्षों की बैठक जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में 11 जुलाई शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे आयोजित की जावेगी। बैठक में सांसद संजना जाटव भी मौजूद रहेगी। जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि बैठक में पीसीसी के निर्देशानुसार निकट भविष्य में होने वाले निकाय चुनावों की तैयारी हेतु चर्चा एवं प्रदेश संगठन के आवाहन पर किए जा रहे मंडल कार्यकारिणियों एव बीएलए गठन से संबंधित चर्चा की जावेगी। जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने उपरोक्त सभी पदाधिकारीयों को बैठक में आवश्यक रूप से शामिल होने का आग्रह किया है।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भरतपुर** (निस)। गुरूपूर्णिमा के अवसर पर भरतपुर जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति ने डा0 अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता व समिति संरक्षक सेवानिवृत अधीक्षण अभियन्ता हेमराज गोयल तथा महामंत्री सतीश कुमार गुप्ता के प्रबन्धन में हरियालो राजस्थान के तहत आदर्श विद्या मन्दिर जवाहर नगर प्रांगण में पौधारोपण किया। पौधो में छांयादार वृक्ष कदम्ब, गुलमोहर, शीशम, नीम, कचनार, प्लास देववृक्षों में पारिजात, सिंदूर, अशोक, कुवेर, सीताफल औषधीय वृक्षों में वहेडा, कमरख, सहजन, अमलतास, फल वृक्षों में आम, शहतूत तथा फूलो में चम्पा आदि विभिन्न किस्म के पौधों का समिति संरक्षक एस एन अग्रवाल के साथ वरिष्ठजन पेंशनर्स ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर आदर्श विद्या मन्दिर समिति व्यवस्थापिका जसवीर कौर ने कहा कि शिक्षा के मन्दिर में कराया गया यह पौधारोपण वातावरणीय शुद्धिकरण के साथ छात्र-छात्राओं को किस्मीय वृक्षो का ज्ञान, उनकी महत्वता तथा विद्यालय में उन्हें एक प्रदूषण रहित गुरूकुलीय वातावरण का आभास कराएगा। गायत्री परिवार के ललित प्रसाद सिंघल ने पेडों का महत्व बताते हुए कहा कि एक पेड अपने सम्पूर्ण जीवन काल में अक्सीजन द्वारा वातावरणीय शुद्धिकरण ,छाया, चारा, लकडी आदि से लगभग एक करोड एक लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराता है। समाजसेवी व आदर्श विद्या मन्दिर के उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने पौधो के लिए गड्ढे तैयार करा जैविक खाद का प्रबन्ध कराया तथा प्रधानाचार्य प्रहलाद सिह ने वृक्षो के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पेंशनर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सी एम गुप्ता, श्याम बिहारी अग्रवाल, डा0 एल पी गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, आर एस गुप्ता, सतीश चन्द सिंघल, वेद प्रकाश सिंघल, राजेन्द्र गुप्ता, सतीश चन्द गुप्ता, महेन्द्र भूषण गुप्ता, सुभाष चन्द सिंघल, वेद प्रकाश सिंघल, निरोत्तम प्रसाद गर्ग, सत्य प्रकाश बंसल, अशोक कुमार गुप्ता, दिनेश चन्द गुप्ता, विनोद कुमार अग्रवाल, जगदीश गुप्ता, राधारमण गुप्ता, निरोत्तम प्रसाद आदि प्रत्येक ने एक पेड लगा कर पर्यावरण संरक्षण से हरित वातावरण का संदेश दिया।

### किया मटकी फोड़ प्रदर्शन

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिले के रामनगर गांव में समय पर पानी नही मिलने को लेकर गुरुवार को महिलाओं ने मटका फोड़ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि जलदाय विभाग ने डॉक्युमेंट्स में पिछले पांच साल से पानी सप्लाई दिखा रखी है, कुछ लोगों के अवैध कनेक्शन के चलते पानी मिलता ही नहीं हैं।

## ओ एस डी ने आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**भरतपुर** (निस)। उपमुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री प्रेमचंद बैरवा के निर्देशन में ओ एस डी डॉ राजेश भारद्वाज द्वारा सेक्टर 13 में नव निर्माणधीन आयुर्वेद महाविद्यालय भवन का अवलोकन कर प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई एवं महाविद्यालय से संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा सेवा संबंधी संचालित सेवा प्रकल्पों की जानकारी ली। सेक्टर 13 में आयुर्वेद महाविद्यालय के नव निर्माणधीन भवन के पूरे बनने के अंतिम निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने एवं महाविद्यालय संचालन हेतु शेष निर्माण कार्य के बारे में संबंधित ठेकेदार को प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह की मौजूदगी में ओ एस डी डॉ राजेश भारद्वाज द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ राजेश भारद्वाज द्वारा जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में संचालित पंचकर्म, बालरोग, योग प्राकृतिक,शल्य चिकित्सा, स्त्री एवं प्रसूति संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं चिकित्सालय के अंतरंग आतुरालय में भर्ती रोगियों से मुलाकात कर हाल-चाल जाने। डॉ भारद्वाज द्वारा औषधीय लेपों से उपचार करा रहे रोगियों को लेप से मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा विभिन्न रोगों से पीड़ित रोगियों को मिल रहे उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह डॉ चन्द्र प्रकाश गुणावत डॉ राकेश वर्मा डॉ अरविन्द शर्मा डॉ पिंकी चौहान डॉ श्यामवीर घुरैया डॉ मनीषा गुर्जर डॉ मोहन स्वरूप शर्मा सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ओ एस डी डॉ राजेश भारद्वाज का साफ़ा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। डॉ भारद्वाज द्वारा वर्तमान भवन में चल रहे राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय का भी अवलोकन कर आवश्यक जानकारी लेते हुए सुधार संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अध्यनरत छात्र छात्राओं को समय पर सिलेबस के अनुसार पढ़ाई एवं प्रेक्टिकल कोर्स पूरा करवाए जाने की बात कही।

## शिविरों में मौके पर हुआ वर्षों से लम्बित समस्याओं का निराकरण

**भरतपुर** (निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जिले में जन कल्याण की भावना से 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित किया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आमजन को एक ही स्थान पर जनकल्याणकारी योजनाओं का घर बैठे लाभ पहुंचाने का संवाहक बना।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि ग्राम पंचायतवार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा में शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में किसान, युवा एवं महिला सहित सभी वर्गों को लाभान्वित किया गया। शिविर में 16 से अधिक विभागों ने भागीदारी निभाते हुए पखवाडे के दौरान विभागीय योजनाओं से आमजन को मौके पर लाभ प्रदान करते हुए जानकारी के अभाव में वर्षों से चली आ रही समस्याओं का निराकरण किया।

जिला कलक्टर ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान के 2309, पत्थरगढी के 64, कुर्रेजात के 282, नामान्तरकरण के 3609, रास्ता खोलने के 1466, आपसी सहमति से बंटवारा के 1973 मामलों में मौके पर राहत दी गई। बजट घोषणाओं के भूमि आवंटन प्रस्ताव 16, अप्रयुक्त विभागीय भवनों/भूमि का उपयोग एवं आवंटन के 19 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गरीबी मुक्त गांव के बीपीएल परिवारों के प्राप्त 465 आवेदन का निस्तारण किया गया। पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वामित्त्व योजना में 9500 पट्टे वितरित किये गये। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के तहत 370 कार्य संपादित किये। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में 485, मनरेगा के 232 कार्य स्वीकृत किये गये, अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण हेतु 39 स्वीकृतियां, मिशन हरियालो राजस्थान में 244886 वृक्षारोपण कार्य किये गये। जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित एक आवासीय विद्यालय एवं छात्रावासों की साफ-सफाई, 9 टंकियों की साफ-सफाई की गई।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान विद्युत निगम द्वारा 2238 स्थलों पर बिजली के झूलते तारों को खिंचा गया। 1307 विद्युत पोलों को ठीक करवाया गया, 5106 स्थानों पर तारों के सम्पर्क में आने वाले पेड-पौधों की छंटाई करवाई गई।

जिला कलक्टर ने बताया कि पीएचईडी द्वारा 1531 पेयजल कनेक्शन जारी किये गये, 163 पानी की टंकियों की साफ-सफाई की गई। 68 नलकूपों पर विद्युत कनेक्शन किये गये, ग्रीष्मकाल में 780 लीकेज मरम्मत किये गये, 414 स्थानों पर अंतिम छोर पर जल दबाब की जांच की गई। पाईपलाइन संबंधी कार्यों के लिए 16829 मीटर में तोडी गई सडकों की मरम्मत की गई। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों के पटरों की साफ-सफाई, मरम्मत आदि कार्य 3128 स्थानों पर पूरे किये गये।

## सतपाल चौधरी का भाजपा जिला प्रवक्ता बनने पर भव्य स्वागत

**हिंडौन सिटी।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला प्रवक्ता सतपाल चौधरी का क्यारदा बालाजी मंदिर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष नाहर सिंह सरपंच के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने सतपाल चौधरी को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दीं और उन्हें साफा व पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में भाजपा नेता चरण सिंह सोलंकी, विजय सिंह जाट, मुनीम सिंह, गोविंद सिंह, सुरेंद्र सिंह, सूबेदार शिवराव सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने जिला और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सतपाल चौधरी के नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी।सतपाल चौधरी ने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## गौशाला निर्माण

**करौला** (निंसं.) सपोटरा किग्राम पंचायत नारौली डांग के ब्रह्मलीन संत बाबा प्रहलाद दास आश्रम सुग्रीव टीला पर गुरू पूर्णिमा के अवसर पर सीताराम गौशाला का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया।

संत बाबा कमल वेदांती महाराज के सानिध्य में भूमि पूजन कर नींव का पत्थर रखा गया।इस दौरान भामाशाह सेवानिवृत्त व्याख्याता मुरारी लाल गुप्ता ने एक लाख रुपए की राशि गौशाला को भेंट कर अनुकरणीय कार्य किया। कमल वेदांती महाराज ने कहा कि गौ माताओं की रक्षा करने के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। आज के समय में यह बहुत ही आवश्यक है कि हम गायों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में काम करें। किसान गौ पालन करें और आर्थिक रूप से समृद्ध लोग गोशालाओं के लिए बढ़-चढ़कर दान करें। इस तरह के आयोजनों से समाज में गो सेवा का प्रचार-प्रसार होगा और लोग गौ सेवा के प्रति जागृत होंगे। गौ सेवा से सुख, समृद्धि आती है।कैलाश भोंगला, शिवलाल मीना,ओमप्रकाश शर्मा,मदन मोहन तिवारी आदि उपस्थित थे।

## महा मंडले'वर से 251 नये 'ाष्यो ने गुरू दीक्षा ली

**करौली** । करौली सडक मार्ग के बीच स्थित चैनपुर गांव में ब्रह्म ऋषि आश्रम पर पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महामंडलेश्वर भगवान दास महाराज के श्री चरणों में ढोक लगाकर शिष्यों ने गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम के साथ मनाया वही इस अवसर पर 251 नए शिष्यों गुरु दीक्षा ली।

जिले भर में संत महात्माओं और गुरुओं ने अपने-अपने आश्रमों पर गुरु पूर्णिमा बड़े धूमधाम के साथ मनाई वही शिष्यों ने गुरु और संतों से गुरु दीक्षा भी ली और भोजन प्रसादी ग्रहण की इसी कड़ी में चैनपुर के ब्रह्मऋषि आश्रम पर भी बड़े धूमधाम के साथ ब्रह्मऋषि आश्रम के संत महामंडलेश्वर भगवान दास के चरणों में ढोक लगाकर और पूजा अर्चना कर गुरु पूर्णिमा महापर्व धूमधाम के साथ मनाया वहीं महिला शिष्यों ने धार्मिक भजन सुना कर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध किया देखते ही देखते हरि भजनो पर संत ने जमकर नृत्य किया गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दुर दराज से आए महिला पुरुषों में से करीब 251 महिला पुरूषो ने संत से गुरु दीक्षा ग्रहण की इसी अवसर पर आश्रम में शिष्यों ने पंगत लगाकर प्रसादी ग्रहण की देखने लायक यह रहा की आश्रम पर बाहरी भीड़ जमा होने की सूचना पर मासलपुर थाना पुलिस, करौली यातायात पुलिस मौके पर पहुंचे।



महामंडलेश्वर भगवान दास महाराज के श्री चरणों में ढोक लगाकर शिष्यों ने गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम के साथ मनाया ।

## ब्लॉक स्तरीय अटल जन सेवा शिविर सम्पन्न

**करौली** (निंसं.) राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। नादौती के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।जिला कलक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ।

## गुरू पूर्णिमा पर्व पर पतंजलि परिवार ने किया योग शिक्षकों का सम्मान

**भरतपुर** (निस)। हरिद्वार पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में भारत स्वाभिमान पतंजलि परिवार भरतपुर के मुख्य संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में विश्वप्रिय शास्त्री पार्क भरतपुर में गुरू महोत्सव गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व प्रात: से 6 बजे तक योग का विशेष योग शिविर प्राणायाम, आसन कराये गये तथा 6 से 8 बजे तक पर्यावरण शुद्धिकरण हेतु वैदिक हवन यज्ञ हीरासिंह आर्य के द्वारा करवाया गया। उपस्थित सभी योग साधकों का गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई। राष्ट्र के नाम सभी निरोगी एवं स्वस्थ रहें के नाम से वैदिक मंत्रों की घी एवं हवन सामिग्री की आहूति प्रदान की गई। कार्यक्रम को महिला राज्य कार्यकारिणी सदस्य राजेश चौधरी एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी गंगो सिंह के द्वारा भी सम्बोधित किया गया।

मुख्य संयोजक कुंतल ने बताया कि भरतपुर शहर में विभिन्न पार्कों में संचालित करने वाले योग शिक्षकों में कैप्टेन लेखराज सिंह, ओमवीर सिंह चाहर, प्रेम सिंह वर्मा, ज्योति चौधरी, बवीता मनोचा, सुमनलता चौधरी, संगीता शर्मा एवं भामाशाह एवं भामाशाह सुन्दर काण्ड सत्संग मण्डल के रामकिशोर फौजदार को माला पहनाकर तथा हरिद्वार पतंजलि योगपीठ के साहित्य वैदिक पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया।

हरिद्वार पतंजलि योगपीठ से सहयोग शिक्षक के प्रशिक्षण प्राप्त योग शिक्षकों को जिनमें मयंक शर्मा, बलवीर सिंह आरएएसीसुमनलता चौधरी को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

कार्यक्रम में महिला राज्य कार्यकारिणी सदस्य राजेश चौधरी, गंगो सिंह, उषा भारद्वाज, मिथलेश, हरिओम,उषा मित्तल, अल्केश कुंतल, संगीता शर्मा, चन्द्रकांत शर्मा, लक्ष्मी चाहर, अंजना बंसल आदि सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित

■ हेल्थ टॉक में मुख्य रूप से नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के डॉ. सुनील शर्मा सीनियर कंसल्टेंट कार्डियक सर्जरी ने जानकारी दी

**भरतपुर** (निस)। लायंस क्लब भरतपुर रॉयल द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन बुधवार की रात्रि स्थानीय रीजेंटा होटल में आयोजित किया गया।

हेल्थ टॉक में मुख्य रूप से नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के डॉ. सुनील शर्मा सीनियर कंसल्टेंट कार्डियक सर्जरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हृदय हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है इसकी अच्छे से देखभाल करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन 40 मिनट की वॉक व एक्सरसाइज बहुत आवश्यक है। खाने में ज्यादा तला भुना नहीं खाएं तथा चीनी व मैदा का उपयोग भोजन में कम से कम करें।

40 वर्ष की उम्र के बाद हृदय की नियमित जांच करायें एवं जिन लोगों को बीपी व शुगर की परेशानी है उनको भी समय समय पर हृदय की जांच कराते रहना चाहिए।

स्वास्थ्य परिचर्चा में बोलते डॉ. शुभम शर्मा कंसलटेंट पल्मोनोलॉजी ने श्वांस एवं अस्थमा रोग से बचाव तथा उपचार के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अस्थमा से बचाव के लिए धूम्रपान से दूर रहे एवं घरों में पूर्ण वेंटिलेशन रखें। इसके अलावा पूजा करते समय धूप बत्ती की धुआं से बचें तथा महिलाएं खाना बनाते समय रसोई में एग्जॉस्ट फैन का उपयोग जरूर करें। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद क्लब के सदस्यों ने स्वास्थ्य संबंधित बिंदुओं पर डॉक्टर से परिचर्चा की तथा उनका समाधान प्राप्त किया।

मीडिया प्रभारी अमित खण्डेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम में आगंतुक डॉक्टर एवं नारायणा हॉस्पिटल के स्टाफ का क्लब के संरक्षक विनोद सिंघल, स्पेशल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर लायन रामकुमार गुप्ता, पूर्व जॉन चेयरपर्सन सुधीर सिंघल, क्लब सचिव रमेश चंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष मनु राणा, हेमराज गोयल, सतीश मित्तल ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर क्लब के सदस्य मानव गर्ग, एडवोकेट जयकिशन चाहर, रोहित गोयल, भंवरसिंह सागर, सत्यव्रत आर्य, केदार सैनी, राजेश कपूर, संजय खंडेलवाल, कविता वर्मा, ज्योति आर्य, कविता सिंह, सुनैना गर्ग, अंशु गोयल आदि मौजूद रहे।

## अंतिम तिथि 25 जुलाई

**करौली** (निंसं.) जिला रसद अधिकारी हितेश मीणा ने बताया कि खाद्य विभाग के तहत जिले में तहसीलवार कुल 71 नवसृजित एवं रिक्त उचित मूल्य की दुकानों पर नवीन नियुक्ति हेतु नवसृजित 22 दुकानों के लिए आवेदन मांगे गये है, जिला रसद अधिकारी ने बताया कि तहसील हिण्डौन ग्रामीण-04, करौली-04, मंडरायल-02, सूरौठ-03 श्री महावीरजी-01, नादौती-05,सपोटरा-01, बालघाट-06 एवं टोडाभीम-06 डीलरों की नियुक्ति की जानी है। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक कार्यालय जिला रसद अधिकारी, करौली में कलेक्ट्रेट कार्यालय में द्वितीय मंजिल रूम नम्बर 208 में 25 जुलाई तक सायं 6.00 बजे तक 100 रूपये का भारतीय पोस्टल आर्डर जिला रसद अधिकारी करौली के नाम पर प्रस्तुत कर आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा करवा सकते हैं। विभागीय दिषा निर्देष एवं नवसृजित व रिक्त दुकानों के संबंध मे विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइटएवं जिला रसद कार्यालय करौली से प्राप्त कर सकते हैं।


रजिस्ट्री सं.डी. एल.- 33004/99 REGD. No. D.L.- 33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी. डी.एल.-अ.-02072025-264297
CG-DL-E-02072025-264297
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3--उप-खण्ड (ii)
PART II--Section 3--Sub-section(ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2863)
No. 2863)

नई दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 1, 2025/आषाढ़ 10, 1947
NEW DELHI, TUESDAY, JULY 1, 2025/ASHADHA 10, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली 30 जून, 2025

का.आ. 2930 (अ).- केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) की धारा 3 के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना के शासकीय राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से, राजस्थान राज्य के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-23 पर गंगापुर सिटी बाईपास का निर्माण हेतु उक्त अनुसूची के स्तम्भ (4), (5), (6) और (7) में क्रमशः उल्लिखित राज्य, जिलों, तालुकों और गावों से सम्बन्धित उक्त अनुसूची के स्तम्भ (3) की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट भूमि के सम्बन्ध में अनुसूची के स्तम्भ (2) में उल्लिखित अधिकारियों को उक्त अधिनियम के अन्तर्गत सक्षम अधिकारियों के कृत्यों का निष्पादन करने के लिए एतद्वारा सक्षम प्राधिकारी के रूप में प्राधिकृत करती है।

अनुसूची
राजस्थान राज्य के राष्ट्रीय राजमार्ग. संख्या-23 पर गंगापुर सिटी बाईपास का निर्माण हेतु भूमि का अधिग्रहण

| क्रमिक संख्या 1 | सक्षम प्राधिकारी 2 | भूमि का विवरण 3 | राज्य 4 | जिले का नाम 5 | तालुक का नाम 6 | गांव का नाम 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उपखण्ड अधिकारी, सपोटरा | राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या NH23 के कि.मी 0 से कि.मी 19 तक | राजस्थान | करौली | सपोटरा | 1 बाद सलेमपुर<br>2 सलेमपुर<br>3 तमोली पुरा<br>4 बिलोज नगर |

फा. सं. RW/JAI/RJ/CE-RO/NH-12012/2025/01]
DIPR/C/9402/2025 शेख अमीनखान, निदेशक